## सार-समाचार

### विश्व हिंदू परिषद की बैठक आयोजित

**पाली**, (नि.सं.)। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की जिला बैठक गुरुवार को फुलाद स्थित प्रभु दास जी की धूनी पर बैठक संपन्न हुई। जिला प्रचार प्रमुख मनीष सेन ने बताया कि बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रान्त मंत्री परमेश्वर जोशी ने सभी कार्यकर्ताओं को संगठन में कैसे कार्य करे हिन्दू समाज को कैसे संगठन से जोड़े व विश्व हिंदू परिषद के 60 वर्ष पूर्ण है विश्व हिंदू परिषद ने बहुत से कार्य किये, कार सेवा से लेकर राममंदिर बनाने तक संघर्ष विहिप ने पूरा किया। विहिप के आने वाले आगामी कार्यक्रम दुर्गा अष्टमी,विजयदशमी, शौर्य दिवस पर चर्चा की गई। बजरंग दल प्रांत सुरक्षा प्रमुख अनिल चौहान ने कार्यकर्ताओं को कहा कि वर्तमान स्थिति में संगठन क्या कार्य कर रहा कैसे कार्यकर्ताओं को समाज में रहकर काम करना है। देश में आने वाली आपदा विपदा में संगठन हर समय मजबूती से खड़ा रहता है अब्जी तक बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने 85 लाख गायों को कटने से बचाया है। बैठक में पाली जिले रोहट, खिंवाड़ा, मारवाड़, पाली शहर, पाली ग्रामीण से कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बैठक में विजयराज सोनी, बाबूलाल कुमावत, जगदीश सिंह,देवीसिंह राजपुरोहित, राणीदान राव, हंसमुख गहलोत, सुरेश माली, नीरज सोनी, कैलाश कुमावत,प्रवीण सोनी, श्रवण भिलवारा, हरीश सोनी, किशन चाधरी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पाली में रामलीला के मंच की पूजा हुई

**पाली**, (नि.सं.)। श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में नौ दिवसीय रामलीला आयोजित होगी। श्री रामलीला कमेटी व नगर निगम पाली के सहयोग से ना दिन चलने वाली रामलीला का विधि विधान से मंच पूजन कमेटी के अध्यक्ष जीवराज चौहान , हरिचरण वैष्णव, हिरालाल व्यास के हाथों से किया गया। साथ ही मंच निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया। रामलीला कमेटी के उपाध्यक्ष हीरालाल व्यास ने बताया कि इस बार की रामलीला 49 वीं रामलीला होगी। बीस दिनों से स्वामी दयानन्द बगेची कुम्हारों का बास रामदेव रोड पाली में रामलीला का पूर्वाभ्यास चल रहा है। स्थानीय कलाकारों के प्रयासों से पाली में आज भी जीवित रामलीला का सजीव चित्रण किया जाता है। मंच पूजन के समय रामलीला कमेटी के अध्यक्ष जीवराज चौहान, हीरालाल व्यास,सचिव परमेश्वर जोशी, निर्देशक हरिचरण वैष्णव सह निर्देशक गणेश परिहार , सुनील रामावत, घनश्याम भाटी, देवीलाल पंवार, हरिश चावला , रोहित शर्मा, गोविन्द गोयल, अंकित शर्मा, ज्ञान चंद राठौड़, मांगीलाल तंवर, बुधाराम, विक्रम बंजारा, हिरालाल मेंशन, राजेश गोयल आदि कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बुबकिया की चेतावनी पर श्वान पकड़े

**पाली**, (नि.सं.)। वार्ड 37 मे आये दिन कुत्तों के कारण गन्दगी और शहर के भीतरी क्षेत्रों में भय का माहौल को लेकर पार्षद विकास बुबकिया ने कई बार नगर निगम व जिला कलेक्टर को पत्र के माध्यम से अवगत करवाया। नगर निगम द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही कुत्तों के सन्दर्भ में नहीं होने के बाद पार्षद बुबकिया ने जनता के साथ हड़ताल पर बैठने की अंतिम चेतावनी देने के पश्चात एक्सईएन कलीम असरफ के नेतृत्व में नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा टीम बनाकर नवाचार करते हुए बिना गले में फंदा डाले नेट के स्टील की रिंग वाले शिकन्जे द्वारा सावधानी पूर्वक कुत्तों को बिना चोटिल किये ( जैसा की पत्र में उल्लेखित था की चोटिल किये बिना पकड़ना है) पकड़ने का अभियान शुरु किया गया। जिसमे वार्ड नम्बर 37 के सेठों का बास, हाथी घोड़ा मंदिर रोड़, देरासर गली आदि जगह से पकड़कर उनको मंडिया रोड स्थित बाड़े मे छोड़ा जा रहा है। कार्यवाही के पश्चात पार्षद विकास बुबकिया के साथ वार्ड वासियों ने भी प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### दिलावर व कुमावत ने श्रद्धांजलि दी

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर जिला प्रभारी मंत्री व शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर और पशुपालन, गोपालन डेयरी एवं देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत गुरुवार को पूर्व विधायक स्व. सूर्यकांता व्यास के निवास पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्होंने पूर्व विधायक सूर्यकांता व्यास के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और इस अपूरणीय क्षित पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत नेता की समाज सेवा, राजनीति और जनकल्याण में दिए गए अमूल्य योगदान की सराहना की। स्व. व्यास के शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि दुख की इस घड़ी में राज्य सरकार और पूरा प्रदेश उनके साथ खड़े है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि स्व. व्यास की आत्मा को शांति प्रदान करें और परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति दें।

### पांच दिवसीय धार्मिक यात्रा का समापन

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर से कमला देवी सांकल चंद भंडारी परिवार द्वारा आयोजित धार्मिक यात्रा में 150 यात्रियों ने संघ यात्रा का लाभ लिया। पांच दिवसीय यात्रा में नाकोड़ा, श्री शंखेश्वर तीर्थ होते हुए संघ श्री मोहनखेड़ा तीर्थ पहुंचा। संघ के यात्रियों ने दो दिन वहां प्रभु व त्रिस्तुतिक संघ के प्रथम आचार्य राजेन्द्र सूरीश्वरजी म.सा. के दर्शन-वंदन कर पूजा अर्चना की। संघ परिवार की ओर से गुरूदेव का महापूजन का आयोजन किया गया। रात्रि को गायक कलाकार देवेश जैन, लीवाशी सुराणा व विनीत पोरवाल ने भजनों की प्रस्तुति दी। श्री आदिनाथ राजेन्द्र जैन श्वेतांबर पेढ़ी ट्रस्ट की ओर से यात्रा संघ के लाभार्थी कमला देवी, श्रीपाल, राजेन्द्र-उषा, सुनील-रेखा भण्डारी का तिलक, श्रीफल, माला, साफा, चुंदड़ी व अभिनंदन पत्र भेंटकर बहुमान किया। कार्यक्रम में श्री त्रिस्तुतिक संघ, जोधपुर के अध्यक्ष पारस-सावित्री पोरवाल, उपाध्यक्ष महेन्द्र-लीला सुराणा, कोषाध्यक्ष अशोक-सुगंधा भंसाली, ट्रस्टी गौतम-विनीता खीवसरा, निर्भय भंडारी ने भी भंडारी परिवार का बहुमान किया ।

### महाराणा प्रताप मंडल ने सदस्य बनाए

**पाली**, (नि.सं.)। गुरुवार को पाली में भाजपा महाराणा प्रताप मंडल द्वारा सदस्यता अभियान कार्यक्रम के तहत आज बूथ संख्या 59,60 मैं मंडल अध्यक्ष नरपत दवे के नेतृत्व में सह संयोजक स्थानीय पार्षद ओम प्रकाश स्वामी द्वारा आज करीब 100 नए सदस्य भाजपा परिवार में जोड़ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के संयोजक गुमान सिंह रावत ने बताया कि आज हाउसिंग बोर्ड विश्वेश्वर महादेव मंदिर के सामने भाजपा सदस्यता अभियान चलाकर सैकड़ो में भाजपा सदस्य बनाए गए इसी क्रम में मंडल के प्रत्येक बूथ पर प्रत्येक दिन कैंप लगाकर घर-घर जाकर वहां के भाजपाइयों की टोली बनाकर नए सदस्य बनाने का संकल्प पूरा करने हेतु मंडल कार्यकर्ता जुटे। सदस्यता अभियान में पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, पार्षद विट्ठल बागड़ी, मुकेश जी दवे, दुर्गा सिंह, नरेश, मुकेश दवे, राहुल मेवाड़ा, वकील दिलीप सिंह, रामलाल चौहान, महिपाल सिंह चारण सहित कई जने उपस्थित रहे।

### सुंदेलाव में मृत मछली मामले की जांच

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के सुन्देलाव तालाब में पिछले कुछ दिनों से अत्यधिक संख्या में मछलियों के मरने की सूचना पर पर संज्ञान में लेते हुए जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला कलैक्टर जालोर उदयभानू चारण एवं मत्स्य अधिकारी सिरोही डॉ. शुभम ने तालाब का निरीक्षण कर जांच के लिए पानी का सैम्पल लिया। मछलियों के मरने का संभावित कारण तालाब में एल्गी की अधिकता से पानी में घुली हुई ऑक्सीजन की कमी होना अवगत कराया गया तथा तालाब में कृषि चूना डालकर ऑक्सीजन की मात्रा में बढ़ोतरी करने के लिए नगर परिषद जालोर के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही सुन्देलाव तालाब की पाल पर साफ-सफाई कराने एवं सीवरेज के पानी को तालाब में जाने से तत्काल ही रोकने के लिए सख्त निर्देश दिये गये।

### पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**जालोर**, (कासं)। गांधी जयंती पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मण वाडी जालोर ग्रामीण में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य चुनाराम राम बोराणा , इफको के उपक्षेत्र प्रबंधक बंटूराम चौधरी,रमेश खीचड इफको एमडीई, खुशवंत नाग, समीना नाज, भाजपा मंडल मंत्री जयंती लाल, जबरा राम, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष भंवर लाल, लिकमाराम आदि मौजूद थे। इस दौरान इफको उपक्षेत्र प्रबंधक बंटूराम चौधरी ने बताया कि किस प्रकार आज की पीढी को पर्यावरण के प्रति सजग करना आवश्यक है। यह वर्तमान की आवश्यकता है की प्रत्येक व्यक्ति को हर साल पौधे लगाकर अपने आस पास के वातावरण को हरा भरा रखे व एक पेड मां के नाम जरूर लगाएं।

# अग्रवाल समाज ने आराध्य देव अग्रसेन की जयंती मनाई

**जोधपुर**, (कासं) । अग्रवाल समाज द्वारा अपने आराध्य देव महाराजा अग्रसेन की 5150वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया।

अग्रवाल आदर्श वाटिका, कमला नेहरू नगर में महाराजा अग्रसेन की जयंती के अंतर्गत, विशिष्ट सेवाओं के लिए डॉ. दुष्यंत अग्रवाल , डॉ. निखिल अग्रवाल, समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए कैलाश नारायण सिंघल, देवेन्द्र सिंघल सहित जिला योगा प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक पर नील अग्रवाल का सम्मान किया गया।

अग्रवाल समाज प्रताप नगर के अध्यक्ष सचिव लोकेश गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर वरिष्ठ अग्र साहित्य लेखक अशोक कुमार गुप्ता द्वारा लिखित पुस्तक वैश्य शिरोमणि महाराज अग्रसेन का विमोचन किया गया।

जयंती समारोह में अनेक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। समाज के मेधावी व विशेष उपलब्धि प्राप्त छात्र व छात्राओं का सम्मान किया गया। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। समारोह अध्यक्ष शिवनारायण अग्रवाल ने मेधावी बच्चों को सम्मानित करते हुए अपने संबोधन में महाराजा अग्रसेन के आदर्शों व उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने पर बल दिया। मुख्य अतिथि मुकेश गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि महाराजा अग्रसेन की समाजवाद व अहिंसा की शिक्षाओं को हमें हर वर्ग तक पहुंचाना है। ओम प्रकाश गुप्ता ने अग्रवाल समाज प्रताप नगर की 37 साल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मंच संचालन अर्चना गर्ग व आयुषी अग्रवाल ने किया। जयंती संयोजक महेश गुप्ता ने सभी का धन्यवाद व आभार प्रकट किया।

दूसरी तरफ अग्रसेन विचार मंच की ओर से महाराजा अग्रसेन की जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों को साफ थाली अभियान के तहत भोजन को झूठा नहीं छोड़ने की शपथ दिलाई गई।

अग्रसेन विचार मंच के अनिल गोयल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन की जयंती पर जलजोग चैराहा स्थित अग्रसेन सर्किल पर पुष्पांजली कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांसद राजेंद्र गहलोत, सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी, शहर विधायक अतुल भंसाली, उत्तर महापौर कुंती देवडा, बीजेपी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कमलेश गोयल, कांठोस दक्षिण जिलाध्यक्ष नरेश जोशी, डॉ. रामराज गोयल, डॉ. आनंद गोयल, डॉ. राम गोयल, डॉ. अखिल रंजन गर्ग, नवनीत अग्रवाल, शरद बंसल, अनिल अग्रवाल, मुकेश सिंघल, उमेश लीला, राकेश बंसल, बालकिशन अग्रवाल, पीडी अग्रवाल, विक्रांत अग्रवाल, रामावतार अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल आदि के आतिथ्य में महाराजा अग्रसेन की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का संचालन अनिल गोयल ने किया तथा आभार अनिल सिंघल ने ज्ञापित किया।

### पाली में शोभायात्रा निकाली

**पाली**, (नि.सं.)। अग्रवाल समाज की ओर से गुरुवार को सुबह 9 बजे फतेहपुरिया की पोल से महाराजा अग्रसेन जयंती को लेकर शोभा यात्रा निकाली गई।

शोभा यात्रा में बैंड बाजा, घोड़े, आधा दर्जन झांकियां के साथ समाज के युवक युवतियों द्वारा सर पर साफा पहनकर ड्रम पर घोष वादन व महाराजा अग्रसेन के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। झांकियों में महाराजा अग्रसेन नवदुर्गा, शिव पार्वती परिवार, महालक्ष्मी की झांकी थी।

शोभायात्रा फतेहपुरियो की पोल से चेतना रेस्टोरेंट रामबास बादशाह का झंडा, सराफा बाजार विभिन्न मार्गो से होते हुए अग्रसेन भवन पहुंच समाप्त हुई। पूरे मार्ग में शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर आइसक्रीम खिलाकर स्वागत किया।

मंडल अध्यक्ष अभिषेक गोयल, जितेंद्र अग्रवाल, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पार्क, कमल गोयल अनिल गुप्ता, अरुण गुप्ता, शेखर सिंगल, महिला मंडल की अंजू सिंगल, जॉली गुप्ता आदि समाज बंधु शामिल थे। पिछले 10 दिनों से अग्रसेन वाटिका में जयंती को लेकर महालक्ष्मी पूजा, खाटू श्याम भजन संध्या बच्चों के खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई।

# एस.डी.आर.एफ ने खदान में डूबे युवक का शव निकाला

**जालोर**, (का.सं.)। एस.डी.आर.एफ ने पुलिस थाना जसवन्तपुरा जिला जालोर के अन्तर्गत ग्राम चारा के समीप खदान में डूबे 21 वर्षीय युवक के शव को बरामद करने में सफलता प्राप्त की।

कल दिनांक 02.10.2024 को सायं 04:45 बजे पुलिस कन्ट्रोल रूम जिला जालोर से पुलिस थाना जसवंतपुरा के अन्तर्गत ग्राम चारा के समीप खदान में एक युवक के डूबने की सूचना एस.डी.आर.एफ राजस्थान कन्ट्रोल रूम जयपुर को मिलने पर एस.डी.आर.एफ कन्ट्रोल रूम द्वारा कमाण्डेन्ट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार मानसून सत्र 2024 में आपदा राहत एवं बचाव हेतु एसडीआरएफ एफ कम्पनी जोधपुर की पुलिस थाना भीनमाल जिला जालोर में तैनात रेस्क्यू टीम एफ-03 के प्रभारी हैड. कानि. मोती सिंह को अविलम्ब घटनास्थल के लिए रवाना होने के निर्देश दिए।

रेस्क्यू टीम प्रभारी 10 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ सायं 05:45 बजे घटनास्थल पर पहुंचे। टीम कमाण्डर ने स्थिति का जायजा लिया। एसडीआरएफ कमाण्डेन्ट को बताया कि पुलिस थाना जसवन्तपुरा के अन्तर्गत ग्राम चारा के समीप खदान में एक युवक डूब गया था। उक्त युवक के षव की तलाष हेतू स्थानीय प्रशासन एवं ग्रामीणों के द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है, किन्तु अभी तक सफलता प्राप्त नहीं हुई है। खदान की लम्बाई मीटर, चौड़ाई मीटर तथा गहराई फीट है। एसडीआरएफ राजस्थान कमाण्डेन्ट ने टीम कमाण्डर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

टीम कमाण्डर के निर्देश पर रेस्क्यू टीम के जवानों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। सबसे पहले रेस्क्यू टीम ने मोटर बोट को तेज गति से चलाकर खदान के पानी को हिलाया। उसके बाद टीम के जवानों ने खदान में गोता लगाकर जिक-जैक तथा लाईन सर्च तकनीक से बांस तथा लाईफ बॉय की सहायता से गहन सर्च किया। सांय 07:30 बजे स्थानीय प्रषासन के आदेशानुसार सर्च ऑपरेशन प्रातः तक स्थगित कर दिया गया।

आज दिनांक 03.10.2024 को रेस्क्यू टीम द्वारा प्रातः 08:15 बजे से पुनः सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। टीम के जवानों ने खदान में गोता लगाकर जिक-जैक तथा लाईन सर्च तकनीक से बांस तथा लाईफ बॉय की सहायता से गहन सर्च किया। काफी प्रयासों के बावजूद सफलता नहीं मिलने पर टीम कमाण्डर के निर्देष पर डीप डाइवर ने स्कूबा सेट की सहायता से खदान की गहराई में जाकर गहन सर्च किया। अथक परिश्रम तथा कडी मेहनत से डीप डाइवर को सफलता मिली। टीम ने खदान में डूबे युवक पांचाराम पुत्र तापराम भील उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम सविदर पुलिस थाना भीनमाल जिला जालोर के शव को बरामद कर स्थानीय प्रशासन को सुपुर्द किया।

# मानस रामलीला मंचन के लिए भूमि पूजन आज

**जोधपुर**, (कासं)। आस्था, संस्कृति और मनोरंजन का अनोखा संगम हाईटेक लाइट एंड साउंड शो के रूप में जोधपुर में 25 से 27 अक्टूबर को साकार होगा। आयोजन के दिनों में मानस रामलीला का मंचन मल्टी लेवल स्टेज पर संपन्न होगा।

रामलीला के लिए मंच का निर्माण प्रारंभ होने वाला है। शुक्रवार को प्रातः 10 बजे भूमि पूजन कार्यक्रम आदर्श विद्या मंदिर, केशव परिसर, कमला नेहरू नगर में आयोजित होगा। रामलीला आयोजन समिति के अध्यक्ष निर्मल गहलोत ने बताया कि प्रथम पूज्य श्रीगणेश जी को रातानाडा गणेश मंदिर में रामलीला आयोजन समिति जोधपुर द्वारा निमंत्रण पत्र भेंट कर निमंत्रण की मंगल शुरुआत की गई।

इस अवसर पर मुख्य संरक्षक सत्यनारायण धूत, राधेश्याम रंगा, महेंद्र दवे, मिश्रीलाल प्रजापति, महावीर चौपडा, हरीश लोहिया, मृदुल सालेचा, अरु व्यास, स्वाति व्यास, तनुज, राहुल और द्रविड उपस्थित थे।

इस मंचन के दौरान 300 से अधिक प्रतिभाशाली कलाकारों की जीवंत प्रस्तुति होगी। विशालकाय मल्टीलेवल स्टेज पर रामकथा का भव्य मंचन करने के लिए ये कलाकार इन दिनों रिहर्सल कर रहे हैं।

अत्याधुनिक क्रोमा तकनीक, जीवंत ग्राफिक्स, और विशेष इफेक्ट्स से सजी एक अद्वितीय रामलीला राजस्थान की सांस्कृतिक राजधानी जोधपुर में पहली बार मंचित होगी। इस दौरान हनुमान जी और कुंभकरण के विशाल रूप का सिनेमेटोग्राफिक अनुभव दर्शकों को मिलेगा।

लाइट एंड साउंड की डिजिटल यात्रा के साथ रामायण के हर दृश्य का सजीव प्रदर्शन किया जाएगा और पुष्पक विमान से प्रभु श्री राम के दर्शन का आनंद प्राप्त होगा। रोमांचित करने वाली इस अत्याधुनिक तकनीकी की रामलीला को लेकर शहरवासियों में उत्साह रहता है।

# नाचना में लोगों का धरना जारी

**पोकरण**, (निसं)। पोकरण उपखंड क्षेत्र में स्थित के नहरी बाहुल्य ग्राम पंचायत नाचना सरपंच द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान किए गए गबन की जांच को लेकर नाचना के ग्रामीणों द्वारा जारी धरना गुरुवार को भी जारी रहा। वहीं दूसरी पर धरने से घबराए सरपंच के परिवार वालों द्वारा धरने पर बैठे लोगों पर सोशल मीडिया के माध्यम से अशोभनीय टिप्पणियां करने तथा धमकियां देने को लेकर माहौल खराब होने को लेकर धरनार्थियों द्वारा पुलिस थाना नाचना से सुरक्षा की मांग की गई है। साथ ही शुक्रवार से क्रमिक अनशन शुरू करने की घोषणा की है।

धरनार्थियों का नेतृत्व कर रहे नरपत सिंह देवडा ने बताया कि नाचना सरपंच के कार्यकाल की जांच को लेकर शुरू किया धरना गुरुवार को आठवें दिन भी जारी रहा है।

धरने पर बैठे लोगों को सरपंच के परिजनों द्वारा धमकियां देने के कारण पुलिस थाना नाचना को लिखित में शिकायत पेश कर सुरक्षा की मांग की है। सोशल मीडिया पर अशोभनीय टिप्पणी के चलते माहौल हुआ गर्म - पिछले आठ दिन से नाचना ग्राम पंचायत के आगे चल रहे गांधीवादी तरीके से धरने को लेकर सरपंच के नजदीक परिजनों द्वारा सोशल मीडिया पर धरनार्थियों पर अशोभनीय टिप्पणियां करने के चलते एक बार माहौल बिगड गया था।,

समाज के कुछ लोगों द्वारा माहौल को ज्यों त्यों शांत करवाया। शुक्रवार से क्रमिक अनशन - धरने के आङ्गवें दिन भी प्रशासन द्वारा कोई सुध नहीं लेने के चलते ग्रामीणों द्वारा आंदोलन को उग्र करने की चेतावनी देते हुए शुक्रवार से क्रमिक अनशन शुरू करने की घोषणा करते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन भेज जांच की मांग दोहराई है। उसके बाद भी प्रशासन नही चेता तो आमरण अनशन शुरू किया जायेगा

धरने पर नरपत सिंह, ओम प्रकाश गर्ग तेजसिंह संतोष सोडिया, जगमाल सिंह मोहनराम, कुननाराम, गोमद राम भील आदि ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# बदमाशों के हमले से युवक घायल

**बाप**, (निसं)। आशाराम मीणा पुत्र प्रहलाद मीणा हाल निवासी बाप ने रिपोर्ट में बताया था कि वह रेलवे विभाग में इंजीनियर पद पर कार्यरत है। 22 सितम्बर 2024 को जब वह मध्य रात्रि अपने कार्य से गेस्ट हाउस आ रहा था, तो अचानक कुछ अज्ञात बदमाशो ने उस पर हमला कर दिया।

रिपोर्ट में बताया कि ईब्राहिम पुत्र लतीफ खां, बिलाल पुत्र अब्दुल खां व अमुखां व अन्य एक राय होकर उस पर हमला कर दिया। ये सभी बाप रेलवे स्टेशन के पास की ढाणियो में रहने वाले है। उसकी जेब से साढे आठ हजार रूपये निकाल लिये तथा सभी ने मिलकर उसे लातो व घुसो से बुरी तरह से पीटा। बदमाशो ने शरीर, कोहनी व हाथो पर कई वार किये गये। उनके पास छुरे भी थे। बचाने आये उसके साथ हेमंत से भी मारपीट की तथा उसके पास से 2 हजार रूपये लूट लिए। चिल्लाने की आवाज सुन कॉलोनी में रहने वाले अन्य साथी आए और उन्हें छुडाया।

मारपीट में उसकी नाक में फ्रेक्चर हो गया है। बाप में प्राथमिक उपचार के बाद वह रेलवे अस्पताल जोधपुर में उपचार करवाया। अस्पताल से आने के बाद 27 सितम्बर को उसने प्राथमिकी दर्ज करवाई। लेकिन पुलिस ने अभी तक इस संबध में काई कार्यवाही ही नहीं की। 7- 8 लोग बताये है। जांच थानाधिकारी नासीर खां कर रहे है।

# ईद मिलादुन्नबी का जलसा आयोजित

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के तासखाना बावड़ी इस्लामपुरा कॉलोनी स्थित आशिकाने रजा युवा ग्रुप की ओर से जश्ने ईदमिलादुन्नबी का जलसे का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में मुफ्ती आलमगीर रिजवी ने कहा कि हम आए यहां तुम्हारे लिये,बने दो जहां तुम्हारे लिये। मोहम्मद साहब की पैदाइश के वावया सुनाते हुए कहा कि अल्लाह ने सबसे पहले मोहम्मद के नूर को पैदा किया। उसके बाद पूरी कायनात को वजूद में लाया। आज हम दुनिया में आए किस लिए क्योंकि अल्लाह अपने वजूद को मोहम्मद के जरिए दुनिया वालों को बताना चाह रहा था। अल्लाह ने मोहम्मद के लिए पूरी कायनात को सजाया, हमें अपने जीवन को मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की सुन्नतों पर अमल कर चलाएं। ताकि हमारा दुनिया वह आखिरत दोनों सुधरे । जब हमारे नबी को अल्लाह की तरफ से नमाज का तोहफा मिला, तो हमें नमाज में यह तसव्वर करें कि हमें अल्लाह देख रहे हैं तो आपकी नमाज में जहन बना रहेगा। उदयपुर साईनाथ के नात ख्वा उस्मान हारुनी रिजवी ने हवाएं खैर मखदूम की सदा सुनती थी..... मौला या सल्ली व सल्लम..... मेरे घर में भी हो जाए चारागा या रसूलल्लाह..... हर देश में गूंजेगा या रसूल अल्लाह .....आपकी एक से बढकर एक नाते कलाम सुनाकर पर माहौल में लब्बैक या रसूल के नारों से माहौल गुंजायमान हो गया। वही नातख्वा मोहम्मद नईम अशफाकी ने सिक्का चलेगा मदीने का .... क्या बताऊं क्या मदीना है.... धूम मचा दो आमद की आ गए सरकार ..... की नाते पर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। तासखाना बावडी मदीना मस्जिद के इमाम मोहम्मद दाऊद जियाई बताया कि जश्ने ईद मिलादुन्नबी को लेकर मस्जिद और मोहल्ले को रोशनी से सजाया गया। कार्यक्रम में मौलाना उमर मौलाना नियाज अहमद मौलाना सलीम मुस्तफाई मौलाना सुल्तान सिद्दीकी मौलाना वकार आजम मौलाना अली मौलाना सलीम अकबरी मौलाना असफाक उल कादरी मौलाना इकबाल सिद्दीकी सहित मौजूद सभी आलिमेदीन का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर आशिकाने रजा युवा ग्रुप के नासिर खान, अमीन खान, हारुण खान, साजिद खान आरिफ खान ,फिरोज खान, इरफान, समीर, इंसाफ कुरेशी सहित युवा जलसे में मौजूद रहे।

# उप कारागृह में अपराधी सुधार दिवस मनाया


**जालोर**, (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से चलाए जा रहे समाज कल्याण सप्ताह के तहत 3 अक्टूबर को उप कारागृह जालोर में अपराधी सुधार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम कार्यक्रम में महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने कैदियों को कानूनी जानकारी दी गई तथा गलती को न दोहराते हुए स्वयं के जीवन में सुधार कर समाज की मुख्य धारा में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कृष्ण कुमार माली सहकारिता निरीक्षक ने जीवन में सकारात्मक पक्ष की ओर देखते हुए अपने जीवन को समाज की प्रगति के लिए योगदान करने तथा गांधीजी के मूल मंत्र अहिंसा को जीवन में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवम अधिकारिता विभाग राजीव सुथार ने समाज कल्याण सप्ताह के तहत आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों तथा सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए जीवन में हमेशा सकारात्मक सृजन करने तथा स्वयं को पतन की ओर ले जाने वाले कार्यों से दूर रहने; जीवन में योग के महत्व के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम में कर्तव्य सेवा संस्थान जालोर की तरफ से कैदियों के मनोरंजन के लिए कैरम बोर्ड, लूडो, शतरंज की खेल सामग्री भेंट की गई। रिद्धि सिद्धि सेवा संस्थान की तरफ से कैदियों को नाश्ते के लिए फल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के समापन पर जेल अधीक्षक संपत्ति बामनिया द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र चौधरी, मुकेश राजपुरोहित, रतन सुथार उपस्थित रहे।


आप सभी सादर आमंत्रित हैं

राजस्थान
भारत का अतुल्य राज्य !

पर्यटन विभाग, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एवं जिला प्रशासन, दौसा

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: पर्यटक स्वागत केन्द्र, जयपुर, फोनः 0141-2822863

trcjaipur-dot@rajasthan.gov.in www.tourism.rajasthan.gov.in App Rajasthan Tourism Official

rajasthantourism my_rajasthan rajasthan_tourism Rajasthan Tourism Channel

अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण कार्यक्रम में बदलाव संभव है